Awareness Plantation Drive at Central Jail

Registrar
Malwanchal University
Indore (M.P.)

Plantation Drive News

इंडेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एवं मालवांचल यूनिवर्सिटी ने इंदौर सेंट्रल जेल में किया वृक्षारोपण

इंदौर । जल वायु परिवर्तन व प्रदूषित पर्यावरण को लेकर विश्व भर में चर्चा चल रही है। औद्योगिक क्रांति के कारण इंदौर में भी वाहनों की वृद्धि हो रही है। शहर को प्रगति के लिए सड़कों, पुलों इत्यादि का निर्माण जोरों पर है। इसी निर्माण की वजह से हर वर्ष हजारों की संख्या में वृक्षों को काट दिया जाता है। गौरतलब है कि वृक्ष पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त एवं संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी के चलते इंडेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एवं मालवांचल यूनिवर्सिटी ने डॉ. पूनम तोमर राणा और डॉ. दीप्ती सिंह हाडा के मार्गदर्शन में इंदौर स्थित सेंट्रल जेल में वृक्षारोपण किया। सेंट्रल जेल की ओर से जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, जेलर कुलश्रेष्ठ, रघुवंशी अथवा जेल विभाग के अन्य सहकर्मियों ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजीत सिंह भाटी, जेल अधीक्षक (रिटायर्ड) थे। संस्था की ओर से आर.एस. राणावत (एस.पी. रिटायर्ड), डायरेक्टर प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन मालवांचल यूनिवर्सिटी, आर.सी. यादव (एडिशनल डायरेक्टर प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन), नीलम मित्तल, डॉ. रोली अग्रवाल (वाईस डीन आईआईडीएस) और डॉ. रश्मि राय उपस्थित थे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को जागरूक करना जरूरी

इंडेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एवं मालवांचल यूनिवर्सिटी ने सेंट्रल जेल में किया पौधारोपण

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

जलवायु परिवर्तन व प्रदूषित पर्यावरण को लेकर विश्वभर में चर्चा चल रही है। औद्योगिक क्रांति के कारण शहर में भी वाहनों की वृद्धि हो रही है। शहर की प्रगति के लिए सड़कों, पुलों इत्यादि का निर्माण जोरों पर है। इसी निर्माण की वजह से हर वर्ष हजारों पेड़ काट दिए जाते हैं। गौरतलब है कि वृक्ष पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त एवं संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसी के चलते इंडेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एवं मालवांचल यूनिवर्सिटी ने डॉ. पूनम तोमर राणा और डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा के मार्गदर्शन में इंदौर स्थित सेंट्रल जेल में पौधारोपण किया। सेंट्रल जेल की ओर से जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, जेलर कुलश्रेष्ठ, रघुवंशी अथवा जेल विभाग के अन्य सहकर्मियों ने विशेष सहयोग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजीतसिंह भाटी जेल अधीक्षक (रिटायर्ड) थे। संस्था की ओर से आरएस राणावत (एसपी रिटायर्ड), डायरेक्टर प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन मालवांचल यूनिवर्सिटी, आरसी यादव एडिशनल डायरेक्टर प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, नीलम मित्तल, डॉ. रोली अग्रवाल (वाइस डीन आईआईडीएस) और डॉ. रश्मि राय उपस्थित थे।

पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाने के लिए डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। मालवांचल यूनिवर्सिटी आईआईडीएस की तरफ से जामुन, अमरूद, नीम, पपीता, पीपल, गुलमोहर के पौधे लगाए गए और इसी के साथ पौधों को सुरक्षित रखने के लिए कॉलेज की ओर से ट्री गार्ड भेंट किए गए। इस अवसर पर मौजूद सभी अधिकारियों ने संकल्प लिया कि पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे व पौधों का संरक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी का जागरूक रहना जरूरी है।

Registrar
Malwanchal University
Indore (M.P.)

Plantation Drive News

इंडेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एवं मालवांचल यूनिवर्सिटी ने सेंट्रल जेल में किया पौधा रोपण

आईएम इंदौर • रिपोर्टर

editor@peoplessamachar.co.in

जलवायु परिवर्तन व प्रदूषित पर्यावरण को लेकर विश्वभर में चर्चा चल रही है। औद्योगिक क्रांति के कारण इंदौर में भी वाहनों की वृद्धि हो रही है। शहर की प्रगति के लिए सड़कों, पुलों इत्यादि का निर्माण जोरों पर है। इसी निर्माण की वजह से हर वर्ष हजारों की संख्या में वृक्षों को काट दिया जाता है। वृक्ष पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त एवं संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी के चलते इंडेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एवं मालवांचल यूनिवर्सिटी ने डॉ. पूनम तोमर राणा और डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा के मार्गदर्शन में इंदौर स्थित सेंट्रल जेल में पौधा रोपण किया। सेंट्रल जेल की ओर से जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, जेलर कुलश्रेष्ठ, रघुवंशी अथवा जेल विभाग के अन्य सहकर्मियों ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजीत सिंह भाटी (जेल अधीक्षक रिटायर्ड) थे। संस्था की ओर से आर.एस. राणावत (एसपी रिटायर्ड), डायरेक्टर प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन मालवांचल यूनिवर्सिटी, आर.सी. यादव (एडिशनल डायरेक्टर प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन), नीलम मित्तल, डॉ. रोली अग्रवाल (वाइस डीन आईआईडीएस) और डॉ. रश्मि राय उपस्थित थे।

पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भेंट किए

कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाने के लिए डेंटल कॉलेज के छात्रों ने भी भाग लिया। मालवांचल यूनिवर्सिटी आईआईडीएस की तरफ से जामुन, अमरूद, नीम, पपीता, पीपल, गुलमोहर के पौधे लगाए गए और इसी के साथ पौधों को सुरक्षित रखने के लिए कॉलेज की ओर से ट्री-गार्ड भेंट किए गए। -इस अवसर पर मौजूद सभी अधिकारीगण ने संकल्प लिया कि पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं व वृक्षों का संरक्षण करें और पर्यावरण निर्माण के लिए सभी को जागरूक करें।

Registrar
Malwanchal University
Indore (M.P.)